दिन– रविवार 										दिनांक– 28/04/2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 03:10 बजे से। 								अवधि– 05 मिनट

राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी एच. आर. श्रीनिवास ने कहा है कि वोट का बहिष्कार करने वाले क्षेत्रों में दोबारा मतदान नहीं कराया जायेगा। राज्य के पुलिस नोडल पदाधिकारियों की उपस्थिति में वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से लोकसभा निर्वाचन दो हजार चौबीस के शेष चरणों में होने वाले चुनाव को लेकर समीक्षा बैठक हुई। बैठक में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि दूसरे चरण में ग्यारह मतदान केन्द्रों पर लोगों ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर वोट का बहिष्कार किया है। श्रीनिवास ने कहा कि दोनों चरणों में अब तक सत्रह मतदान केन्द्रों पर वोट नहीं डाले गये हैं। उन्होंने कहा कि सभी जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारियों को मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के लिए अतिरिक्त प्रयास करने का निर्देश दिया गया है। श्रीनिवास ने कहा कि मतदाताओं को मतदान केन्द्रों पर लाने के लिए चुनाव आयोग के निर्देश के अनुसार व्यवस्था करने को कहा है।

————————————————————————

लोकसभा चुनाव के दौरान तीसरे और चौथे चरण के लिए चुनाव प्रचार जोरों पर है। राजद के वरिष्ठ नेता तेजस्वी प्रसाद यादव आज झंझारपुर, सुपौल, मधेपुरा और खगड़िया में चुनावी जनसभा को संबोधित करेंगे। जदयू के अध्यक्ष और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार कल से मधेपुरा समेत कोसी, सीमांचल और अंग क्षेत्र में चुनावी जनसभा को संबोधित करेंगे। वहीं, भाजपा के वरिष्ठ नेता और केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह कल बेगूसराय में भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में जनसभा को संबोधित करेंगे।

————————————————————————

लोकसभा चुनाव के चौथे चरण के चुनाव के लिए दरभंगा, उजियारपुर, समस्तीपुर, बेगूसराय और मुंगेर संसदीय क्षेत्रों में नाम वापसी का कल अंतिम दिन है। इन संसदीय क्षेत्रों में चौरासी उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र दाखिल किये थे। जिसमें छप्पन उम्मीदवारों

के नामांकन पत्र वैध पाये गये हैं, जबकि अट्ठाईस उम्मीदवारों के नामांकन पत्र को रद्द कर दिया गया है। इस चरण का मतदान तेरह मई को होगा।

———————————————————————

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सह पूर्व केन्द्रीय राज्य मंत्री डॉ. शकील अहमद ने कहा कि वे मधुबनी लोकसभा क्षेत्र से राजद प्रत्याशी अली अशरफ फातमी का समर्थन करते हैं। उन्होंने आज मधुबनी में संवाददाताओं से कहा कि चुनाव में पार्टी के सभी कार्यककर्ता श्री फातमी का समर्थन करेंगे। इधर, बेतिया में संवाददाताओं से बातीचत करते हुए राज्य के मंत्री नीतीश मिश्रा ने दावा किया कि पश्चिमी चंपारण लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी डॉ. संजय जायसवाल जीत हासिल करेंगे। उन्होंने कहा कि केन्द्र में एनडीए सरकार बनने से बिहार का तेजी से विकास होगा।

———————————————————————

गोपालगंज जिले में भीषण सड़क हादसे में आज तीन पुलिस कर्मियों की मृत्यु हो गयी। यह हादसा आज सुबह सिधवलिया थाना क्षेत्र के बरहिमा मोड़ के पास राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या—सत्ताईस पर हुआ। जब लोकसभा चुनाव ड्यूटी करने जा रहे पुलिस जवानों से भरी तीन बसों में एक कंटेनर वाहन ने टक्कर मार दी। गोपालगंज के पुलिस अधीक्षक स्वर्ण प्रभात ने बताया कि हादसे में बारह पुलिस जवान घायल हुए हैं। ये सभी चुनाव ड्यूटी के लिए सुपौल जा रहे थे। घायलों का ईलाज सदर अस्पताल में चल रहा है। दो पुलिस जवानों को बेहतर इलाज के लिए गोरखपुर भेजा गया है।

———————————————————————

प्रदेश में भीषण गर्मी और लू का प्रकोप जारी है। औरंगाबाद, शेखपुरा, खगड़िया, नवादा, बांका और भागलपुर जिलों के कुछ स्थानों पर लू जैसी स्थिति बनी हुई है। मौसम विभाग ने पटना, मुजफ्फरपुर और शेखपुरा में भीषण लू की स्थिति को लेकर येलो अलर्ट जारी किया है। विभाग ने कहा है कि दो मई तक भीषण गर्मी से राहत के आसार नहीं है। कल भी राज्य के कई हिस्सों में हॉट—डे रहने से भीषण गर्मी पड़ने की आशंका है। औरंगाबाद, दरभंगा, शेखपुरा, सुपौल, नवादा और बांका जिले में कल और परसों गर्मी का प्रकोप जारी रहेगा। वहीं, पटना, पूर्णिया, मुजफ्फरपुर, गोपालगंज, जमुई, भोजपुर, नालंदा, सीवान, अरवल और भागलपुर जिले में लू की स्थिति बनी रहेगी। आपदा प्रबंधन विभाग ने भीषण गर्मी के प्रकोप को देखते हुए लोगों से अत्यधिक सतर्कता बरतने की अपील की है। चिकित्सकों ने गर्मी से बचाव के लिए सूती और हल्के रंग के ढीले—ढाले कपड़े

पहनने का परामर्श दिया है। इस दौरान लोगों से लगातार पानी पीने और दिन के समय कड़ी धूप में बाहर नहीं निकलने की अपील की गयी है।

———————————————————————

रेल यात्रा के दौरान बच्चों की आधे टिकट पर उसे बीमा योजना का लाभ नहीं मिलेगा। रेलवे के अनुसार रेल यात्रियों को वैकल्पिक बीमा योजना का लाभ केवल ई–टिकट बुक कराने वालों को ही मिलेगा। निजी रेल बुकिंग काउंटर से खरीदे गये टिकट पर बीमा योजना लागू नहीं होगी। रेलवे ने कहा है कि प्रतीक्षा सूची के यात्री बीमा योजना के लाभ के पात्र नहीं होंगे।

———————————————————————

बेगूसराय जिले के एक निचली अदालत ने दोहरे हत्याकांड में दोषी करार चार लोगों को उम्रकैद की सजा सुनाई है। अदालत ने रामनंदन पासवान, ऋषि राजकुमार, मुन्नू सिंह और अखिलेश सिंह को यह सजा सुनाई। इसके साथ चारों पर पच्चीस–पच्चीस हजार रूपये का अर्थदंड भी लगाया है।

———————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ। एक छोटे अंतराल के बाद आप सुनेंगे उर्दू बुलेटिन।